| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | recognised Board, nominated by the Director General of Re-settlement, Ministry of Defence.<br>**Desirable:** Having driving license and experience in driving light and heavy motor vehicles. | | |

[F.No.33/1/2020-Ad.1(A)/NCRB]

VIJAY SINGH, Dy. Director (Admn.)

## कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

## (कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग)

नई दिल्ली, 17 फरवरी, 2021

**सा.का.नि. 16 .**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में विशेष कार्य अधिकारी (महा समन्वयन) समूह 'क' के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.**— (i) इन नियमों का संक्षिप्त नाम संघ लोक सेवा आयोग [विशेष कार्य अधिकारी(महा समन्वयन)] समूह 'क' पद भर्ती नियम, 2021 है।

(ii) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर.**—पद संख्या, उसका वर्गीकरण और इससे उपाबद्ध वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट है।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं, आदि.**—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता.**—वह व्यक्ति-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केंद्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति.**—जहां केंद्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

6. **व्यावृत्ति.**—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केंद्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

## अनुसूची

| पद का नाम | पद की संख्या | वर्गीकरण | वेतन मैट्रिक्स में स्तर | चयन अथवा अचयन पद | सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| विशेष कार्य अधिकारी (महा समन्वयन) | 01* (2021) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'क' राजपत्रित, अननुसचिवीय। | वेतन मैट्रिक्स में स्तर-12 (रु. 78800 - 209200) | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |

| सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | **भर्ती की पद्धति** : भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | प्रतिनियुक्ति, जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है |

| प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा |
|---|
| (11) |
| **प्रतिनियुक्ति, जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है :**<br>केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान या विश्वविद्यालय या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या स्वशासी या कानूनी संगठनों के ऐसे अधिकारी:-<br>क. (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हो; या<br>(ii) जिन्होने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर – 11 (67700-208700 रु.) या समतुल्य पदों में उस श्रेणी में पांच वर्ष नियमित सेवा की हो; और<br>ख. जिनके पास निम्नलिखित अर्हताएं और अनुभव हों, अर्थात् :-<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से बैचलर डिग्री; और<br>(ii)विभिन्न बाह्य अभिकरणों अर्थात अस्पताल, अतिथि गृह, विदेश मंत्रालय का प्राधिकरण, स्वागत और प्रोटोकाल इकाई, सुरक्षा सेवा के साथ संपर्क और समन्वय में पांच वर्ष का अनुभव।<br>**टिप्पण-1 :** प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया चार वर्ष से अधिक नहीं होगी ।<br>**टिप्पण-2 :** प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी। |

| यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा । |
|---|---|
| (12) | (13) |
| लागू नहीं होता | प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) पर किसी अधिकारी की नियुक्ति करते समय संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है । |

[फा. सं. 39021 / 04 / 2020 – स्था. (ख)]

राजबीर सिंह, अवर सचिव

**MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCE AND PENSIONS**

**(Department of Personnel and Training)**

New Delhi, the 17th February, 2021

**G.S.R. 16.—**In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post **of** Officer on Special Duty (Coordination-General) Group 'A' in the Office of the Union Public Service Commission, namely:-

**1. Short title and commencement.—** (1) These rules may be called the Union Public Service Commission, [Officer on Special Duty (Coordination-General)] Group 'A' Post Recruitment Rules, 2021.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

**2. Number of post, classification and level in the pay matrix.—**The number of the post, its classification and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

**3. Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc. .—**The method of recruitment to the said post, age-limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5) to (13) of the aforesaid Schedule.

**4. Disqualification.—** No person,-

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

**5. Power to relax.—**Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

**6. Saving.—**Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Other Backward Classes, Ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of post | Number of post | Classification | Level in the pay matrix | Whether selection post or non-selection post | Age-limit for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| Officer on Special Duty (Coordination-General) | 1* (2021)<br>*Subject to Variation dependent on workload | General Central Service, Group 'A' Gazetted, Non-Ministerial | Level-12<br>in the pay matrix<br>(Rs. 78800 – 209200) | Not applicable | Not applicable |

| Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any | Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/ absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods. | In case of recruitment by promotion or deputation, grades from which promotion or deputation/ absorption to be made. |
|---|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) | (11) |
| Not applicable | Not applicable | Not applicable | Deputation including short-term contract | **Deputation including short-term contract:**<br>Officers of the Central Government or State Government or Union territory Administration or recognised research institution or University or public sector undertakings or autonomous or statutory organisations; :-<br>(a)(i) holding analogous post on regular basis in the parent cadre or Department; or<br>(ii) with five years regular service in the grade in posts in level 11 in the pay matrix (Rs 67700-208700/-) or equivalent in the parent cadre or Department; and<br>(b) possessing the following qualifications and experience, namely:-<br>(i) Bachelor Degree from a recognised University or Institute; and<br>(ii) shall possess five years' experience in liaisoning and coordination with various external agencies namely hospital, guest house, Ministry of External Affairs' Authorities, reception and protocol units, security services.<br>**Note 1 :** The period of deputation (including short term contract) including period of deputation (including short term contract) in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or Department of the Central Government shall ordinarily not exceed four years.<br>**Note 2:** The maximum age-limit for appointment by deputation (including short term contract) shall be not exceeding fifty-six years as on the closing date of receipt of applications. |

| If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition | Circumstances in which the Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment. |
|---|---|
| (12) | (13) |
| Not applicable | Consultation with Union Public Service Commission is necessary while appointing an Officer on deputation (including short-term contract). |

[F.No.39021/04/2020-Estt. (B)]

RAJBIR SINGH, Under Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. SURENDER MAHADASAM Digitally signed by SURENDER MAHADASAM Date: 2021.02.27 12:38:27 +05'30'